भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1886

जिसका उत्तर 11.12.2025 को दिया जाना है

राज्यीय राजमार्गों का उन्नयन

1886. श्री मुरारी लाल मीना:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या राज्यीय राजमार्ग संख्या-02 (दौसा-कुचामन), राज्यीय राजमार्ग-78 (दौसा-कठूमर) और भिवानी-अलवर-राजगढ़-बांदीकुई-सिकंदरा-गंगापुर मेगा राजमार्ग इस क्षेत्र में सामाजिक, आर्थिक एवं धार्मिक दृष्टि से अत्यधिक महत्वपूर्ण हैं और उक्त मार्गों पर प्रतिदिन भारी यातायात होता है;

(ख) क्या उक्त राजमार्ग कई जिलों और प्रमुख धार्मिक पर्यटन स्थलों को जोड़ते हैं और उक्त राजमार्गों का उन्नयन करने की तत्काल आवश्यकता है;

(ग) क्या सरकार का उक्त मार्गों को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने और दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के साथ उपयुक्त इंटरचेंज निर्मित करने का विचार है;

(घ) यदि हां, तो अब तक क्या कार्रवाई की गई है और उक्त प्रस्तावों की वर्तमान स्थिति क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ङ) सरकार को समय-समय पर विभिन्न राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों (यूटी) से राज्यीय राजमार्गों (एसएच) सहित राज्य की सड़कों को नए राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) के रूप में घोषित करने/उन्नयन करने के लिए प्रस्ताव प्राप्त होते हैं। राष्ट्रीय राजमार्गों की घोषणा के निर्णय संपर्कता की आवश्यकता, यातायात घनत्व और प्रधानमंत्री गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान (एनएमपी) के साथ तालमेल के व्यापक सिद्धांतों के आधार पर लिए जाते हैं। वर्तमान में राज्यीय राजमार्ग संख्या-02 (दौसा-कुचामन), राज्यीय राजमार्ग-78 (दौसा-कठूमर) और अलवर-राजगढ़-बांदीकुई-सिकंदरा-गंगापुर राजमार्ग (एसएच-25) को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर पिनान गांव के निकट एनएच-921 के जंक्शन पर इंटरचेंज प्रदान किया गया है जो एसएच-78 (दौसा-कठूमर) के साथ जुड़ता है जबकि एसएच-25 के साथ दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के जंक्शन पर कोई इंटरचेंज प्रदान नहीं किया गया है। चूंकि एसएच-02 (दौसा-कुचामन) दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे को नहीं काटता है, इसलिए इंटरचेंज प्रदान करने का प्रश्न ही नहीं उठता है।

*****